**NEWS CLIPPING:11.09.2021**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय और यूए कंसल्टेंट्स के बीच समझौता

फरीदाबाद, 10 सितम्बर(पूजा शर्मा): उद्यमशीलता एवं स्टार्ट-अप गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने होम डेकोर और फर्नीचर के क्षेत्र की कंपनी यूए कंसल्टेंट्स के साथ समझौता किया हैं।

इस समझौता पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग तथा यूए कंसलटेंट्स की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय अर्बोल ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार, निदेशक इंडस्ट्री रिलेशन्स तथा डॉ. रश्मि पोपली और डॉ. राजीव साहा भी उपस्थित थे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कहा कि विद्यार्थियों को इस साझेदारी का लाभ होगा। इस समझौते का उद्देश्य परस्पर परामर्श परियोजनाओं और अनुसंधान गतिविधियों को बढ़वा देना और विद्यार्थियों के लिए उद्यमशीलता और स्टार्ट-अप गतिविधियों के लिए माहौल विकसित करना है। कंपनी विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के लिए भी मदद करेगी।

जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के चार संकाय सदस्यों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा फैकल्टी रिसर्च प्रमोशन स्कीम (एफआरपीएस) के तहत स्टार्टअप रिसर्च ग्रांट के लिए चुना गया है, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक अनुसंधान को मजबूत करना है। राष्ट्रीय स्तर पर इस अनुदान के लिए चुने गए 145 लोगों में विश्वविद्यालय से फिजिक्स विभाग से डॉ. प्रमोद कुमार और डॉ. योगिता, कैमिस्ट्री विज्ञान विभाग से डॉ. अनुराग प्रकाश और पर्यावरण विज्ञान विभाग से डॉ. नवीन कटारिया शामिल हैं। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्टार्टअप अनुसंधान अनुदान के लिए चयन पर संकाय सदस्यों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अनुदान निश्चित रूप से विश्वविद्यालय में अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देगा।

कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने भी संकाय सदस्यों को उनके अनुदान के लिए बधाई दी है। प्रत्येक शिक्षक को अगले तीन वर्षों के लिए अनुसंधान करने के लिए यूजीसी द्वारा 10 लाख रुपये का अनुदान मिलेगा।



*कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग तथा यूए कंसलटेंट्स की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय अर्बोल समझौते का आदान प्रदान करते हुए।*

## देश के शीर्ष 100 प्रबंधन संस्थानों में जगह बनाई

जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हरियाणा के सरकारी विश्वविद्यालयों में अपने श्रेष्ठता बरकरार रखी है। नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2021 द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग और प्रबंधन श्रेणी में हरियाणा के राजकीय विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क रैंकिंग सूची में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग श्रेणी में 127वां स्थान प्राप्त किया है।

**NEWS CLIPPING:11.09.2021**

## NAVBHARAT TIMES

# स्टार्ट-अप को मिलेगा बढ़ावा



**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** उद्यमशीलता व स्टार्ट-अप गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने होम डेकोर व फर्नीचर के क्षेत्र की कंपनी यूए कंसल्टेंट्स के साथ समझौता किया हैं। इस समझौते पर यूनिवर्सिटी की तरफ से कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग व यूए कंसलटेंट्स की तरफ से मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय अर्बोल ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर राज कुमार, निदेशक इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ. रश्मि पोपली व डॉ. राजीव साहा भी उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING:11.09.2021**

**SATYAJAY TIMES**

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय और यूए कंसल्टेंट्स के बीच हुआ समझौता



**फरीदाबाद, 10 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** उद्यमशीलता एवं स्टार्ट-अप गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने होम डेकोर और फर्नीचर के क्षेत्र की कंपनी यूए कंसल्टेंट्स के साथ समझौता किया हैं।

इस समझौता पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग तथा यूए कंसलटेंट्स की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अजय अर्बोल ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार, निदेशक इंडस्ट्री रिलेशन्स तथा डॉ. रश्मि पोपली और डॉ. राजीव साहा भी उपस्थित थे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कहा कि विद्यार्थियों को इस साझेदारी का लाभ होगा। इस समझौते का उद्देश्य परस्पर परामर्श परियोजनाओं और अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों के लिए उद्यमशीलता और स्टार्ट-अप गतिविधियों के लिए माहौल विकसित करना है। कंपनी विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के लिए भी मदद करेगी।

**NEWS CLIPPING:11.09.2021**

**PIONEER**

# देश के शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में जेसी बोस विश्वविद्यालय

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हरियाणा के सरकारी विश्वविद्यालयों में अपने श्रेष्ठता बरकरार रखी है। नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2021 द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग और प्रबंधन श्रेणी में हरियाणा के राजकीय विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क रैंकिंग सूची में जेसी बोस विवि को

## विश्वविद्यालय ने पहली बार देश के शीर्ष 100 प्रबंधन संस्थानों में जगह बनाई

इंजीनियरिंग श्रेणी में 127वां स्थान प्राप्त किया है। जेसी बोस विवि प्रदेश का एकमात्र सरकारी तकनीकी विवि है, जिसने एनआईआरएफ रैंकिंग में देश के शीर्ष 127 इंजीनियरिंग संस्थानों में अपना स्थान बनाया है। इस वर्ष एनआईआरएफ 2021 रैंकिंग के छठे संस्करण में 6,000 कॉलेजों और विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। केवल इंजीनियरिंग श्रेणी में 1143 संस्थानों ने रैंकिंग में हिस्सा लिया था, जिसमें विश्वविद्यालय 127वां स्थान पर आया है। मैनेजमेंट श्रेणी में विवि ने 76-100 रैंक बैंड में स्थान बनाया है। इस वर्ष पहली बार विश्वविद्यालय ने यूनिवर्सिटी श्रेणी में भी हिस्सा लिया और अपनी उपस्थिति देश के शीर्ष 200 विवि में दर्ज करवाई है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने एनआईआरएफ रैंकिंग में विवि के प्रदर्शन पर संतोष जताया है। उन्होंने कहा कि इस बार हम इंजीनियरिंग श्रेणी में बेहतर रैंक की उम्मीद कर रहे थे। इसके बावजूद हरियाणा के सरकारी विश्वविद्यालयों में हम इंजीनियरिंग श्रेणी में एनआईटी कुरुक्षेत्र जोकि केंद्र सरकार का संस्थान हैं।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:11.09.2021**

**NAVBHARAT TIMES**

# 4 शिक्षकों का हुआ चयन

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के 4 स्टाफ सदस्यों को यूनिवर्सिटी अनुदान आयोग (यूजीसी) ने फैकल्टी रिसर्च प्रमोशन स्कीम (एफआरपीएस) के तहत स्टार्टअप रिसर्च ग्रांट के लिए चुना गया है। इनका उद्देश्य यूनिवर्सिटी में वैज्ञानिक अनुसंधान को मजबूत करना है। राष्ट्रीय स्तर पर इस अनुदान के लिए चुने गए 145 लोगों में यूनिवर्सिटी से फिजिक्स विभाग से डॉ प्रमोद कुमार व डॉ. योगिता, कैमिस्ट्री विज्ञान विभाग से डॉ अनुराग प्रकाश व पर्यावरण विज्ञान विभाग से डॉ. नवीन कटारिया शामिल हैं।

**NEWS CLIPPING:11.09.2021**

**NAVBHARAT TIMES**

# अब टॉप 100 संस्थानों में आना होगा लक्ष्य

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** जेसी बोस यूनिवर्सिटी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने कहा है कि अब और बेहतर रैंक पाने का प्रयास होगा। वह इस बार भी और बेहतर रैंक की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन फिलहाल इससे संतुष्ट हैं। आने वाले दिनों में हम अपने रैंकिंग को सुधारने पर काम करेंगे। प्रयास रहेगा कि हम टॉप 100 में अपनी जगह बनाएं। एनआईआरएफ की तरफ से जारी नई रैंकिंग के अनुसार इंजीनियरिंग श्रेणी में जेसी बोस यूनिवर्सिटी को 127 स्थान मिला है। यूनिवर्सिटी प्रदेश की एकमात्र सरकारी तकनीकी यूनिवर्सिटी है, जिसने यह रैंकिंग मिली है।

**NEWS CLIPPING:11.09.2021**

**SATYAJAY TIMES**

# विश्वविद्यालय के परिणाम संतोषजनक, शीर्ष 100 संस्थानों में आना है अगला लक्ष्य : कुलपति

**फरीदाबाद, 10 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल।** जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हरियाणा के सरकारी विश्वविद्यालयों में अपने श्रेष्ठता बरकरार रखी है।

नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2021 द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग और प्रबंधन श्रेणी में हरियाणा के राजकीय विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क रैंकिंग सूची में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग श्रेणी में 127वां स्थान प्राप्त किया है। जे.सी. बोस विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र सरकारी तकनीकी विश्वविद्यालय है, जिसने एनआईआरएफ रैंकिंग में देश के शीर्ष 127 इंजीनियरिंग संस्थानों में अपना स्थान बनाया है। इस वर्ष एनआईआरएफ 2021 रैंकिंग के छठे संस्करण में 6,000 कॉलेजों और विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। केवल इंजीनियरिंग श्रेणी में 1143 संस्थानों ने रैंकिंग में हिस्सा लिया था, जिसमें विश्वविद्यालय 127वां स्थान पर आया है।

मैनेजमेंट श्रेणी में विश्वविद्यालय ने 76-100 रैंक बैंड में स्थान बनाया है। इस वर्ष पहली बार विश्वविद्यालय ने युनिवर्सिटी श्रेणी में भी हिस्सा लिया और अपनी उपस्थिति देश के शीर्ष 200 विश्वविद्यालय में दर्ज करवाई है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने एनआईआरएफ रैंकिंग में विश्वविद्यालय के प्रदर्शन पर संतोष जताया है। उन्होंने कहा कि इस बार हम इंजीनियरिंग श्रेणी में बेहतर रैंक की उम्मीद कर रहे थे। इसके बावजूद हरियाणा के सरकारी विश्वविद्यालयों में हम इंजीनियरिंग श्रेणी में एनआईटी कुरुक्षेत्र जोकि केंद्र सरकार का संस्थान है, को छोड़कर राज्य में शीर्ष पर है। हमने मैनेजमेंट श्रेणी में 76 - 100 रैंक बैंड में स्थान बनाया है, जोकि राज्य सरकार का एकमात्र सरकारी संस्थान है। विश्वविद्यालय पहली बार युनिवर्सिटी श्रेणी में अपनी दर्ज करवाने में सफल रहा है। हालांकि रैंकिंग परिणामों एवं मानदंडों को लेकर गंभीरतापूर्वक विचार किया जायेगा और अगले वर्ष रैंकिंग परिणामों में सुधार को लेकर प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा व अनुसंधान में गुणवत्ता को लेकर निरंतर प्रयास कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप आगामी वर्षों में विश्वविद्यालय बेहतर परिणाम लाने में सफल होगा। उल्लेखनीय है कि देश में विभिन्न विश्वविद्यालयों व उच्च शिक्षा के संस्थानों को रैकिंग देने के लिए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क की शुरूआत की गई है, जिसमें अकादमिक, तकनीकी व अनुसंधान संस्थानों को विभिन्न मानदंडों के आधार पर परखा जाता है।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:11.09.2021**

**AMAR UJALA**

# यूजीसी अनुदान के लिए विवि के चार शिक्षक चयनित

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए के चार संकाय सदस्यों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा फैकल्टी रिसर्च प्रमोशन स्कीम (एफआरपीएस) के तहत स्टार्टअप रिसर्च ग्रांट के लिए चुना गया है। इसका उद्देश्य विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक अनुसंधान को मजबूत करना है। राष्ट्रीय स्तर पर इस अनुदान के लिए चुने गए 145 लोगों में विश्वविद्यालय से फिजिक्स विभाग से डॉ. प्रमोद कुमार और डॉ. योगिता, कैमिस्ट्री विज्ञान विभाग से डॉ. अनुराग प्रकाश और पर्यावरण विज्ञान विभाग से डॉ. नवीनं कटारिया शामिल हैं। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्टार्टअप अनुसंधान अनुदान के लिए चयन पर संकाय सदस्यों को बधाई दी है। संवाद